# बड़े कामों पर अधिकारियों का ध्यान, वार्ड के कामों पर नहीं

## श्मशान घाट, तालाब अतिक्रमण, अवैध कॉलोनी और काम नहीं होने की शिकायत, विधान सभा दो के पार्षदों की समीक्षा बैठक

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में नगर निगम के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में शमशान घाट , अवैध कॉलोनियां कटने, तालाब पर अतिक्रमण कर पौधे उखाड़ने और एडवांस एकेडमी सड़क का काम बंद होने और ठेकेदारों का भुगतान नहीं होने से काम शुरू नहीं होने की मुख्य शिकायत पार्षदों ने महापौर को बताई. बैठक में एक बात सामने आई है कि अधिकारियों का ध्यान बड़े कामों की तरफ ज्यादा और वार्डों के काम की तरफ नहीं है. यही कारण है कि आज भी विधानसभा दो और सांवेर के अधिकांश पार्षदों ने काम नहीं होने की शिकायत की है.

दो नंबर विधानसभा और सांवेर के 18 वार्डों की आज समीक्षा बैठक हुई. किसी कारण से उक्त बैठक टल गई थी. बैठक में कांग्रेस तीन वार्डों को छोड़कर अधिकाश पार्षद, पार्षद पति, बेटा और मंत्री के प्रतिनिधि ने भाग लिया. दोपहर करीब 2.30 बजे शुरू हुई बैठक में विधानसभा दो के झोनल कार्यालय के तहत वार्डों की पिछले तीन सालों के विकास कार्यों की समीक्षा और जानकारी ली गई. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने झोनल अधिकारियों से कहा कि इस साल को छोड़कर पिछले तीन सालों में क्या-क्या कार्य हुए या चल रहे हैं? साथ ही टेंडर होने के बाद काम शुरू नहीं होने का भी पूछा गया. बैठक में तलावली चांदा, लसूडिया मोरी, भानगढ़ और शक्कर खेड़ी के शमशान घाट पर मृतक जानकारी रजिस्टर , लकड़ी कंडे तक नहीं होने की शिकायत सामने आई. वहीं, एडवांस एकेडमी सड़क का काम बंद होने और 16 अवैध कॉलोनियां कटने से लेकर, प्लंबर, उद्यान में कर्मचारियों की कमी , ठेकेदारों की लेटलाटिफ़ी और भुगतान नहीं होने का मुद्दा भी उठाया गया.

पार्षदों ने यहां तक कहा कि महापौर की नहीं सुन रहे, तो हमारी कौन सुनेगा? एक दरोगा को इधर से उधर नहीं कर सकते. अधिकारियों की निगाह में हम चोर है और आयुक्त एवं वरिष्ठ अधिकारी आकर देखे कि कौन चोर है. आज की बैठक में ठेकेदारों द्वारा टेंडर लेने के बाद भी काम शुरू नहीं करने का मामला भी सामने आया, जिसमें पार्षदों ने ठेकेदारों के नहीं सुनने और काम नहीं करने या अधूरा पड़ा होने की शिकायत की है.

### महापौर हुए नाराज, मुझे चार बार कहा कि आज हटा देंगे और नहीं हटाया

आज बैठक में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया को निगम अधिकारी को हटाने का कहने के बाद भी नहीं हटाने पर नाराजगी जताई. महापौर ने कहा कि चार बार तो मुख्द बोल दिया कि आज हटा दूंगा, मगर हटाया नहीं? महापौर ने कहा कि आयुक्त सुबह दौरे पर जाते है और वे किसी को निलंबित करते है तो शाम को ऑर्डर जारी हो जाता है. यह कैसे होता है?

महापौर ने श्मशान घाट की शिकायत पर अधिकारियों से कहा कि यह कार्य मेरी प्राथमिकता में है. क्यों शमशान घाट पर व्यवस्था नहीं हो रही है?

महापौर ने ड्रेनेज को अमृत योजना 2.0 के टेंडर होने के बाद काम शुरू नहीं होने का अधिकारियों से कारण पूछा? अधिकारियों ने बताया वर्क ऑर्डर जारी हो चुके है एक सप्ताह में कम शुरू हो जाएंगे.

महापौर ने ड्रेनेज, उद्यान सफाईकर्मियों और प्लंबर कर्मचारियों की कमी के कारण कई कार्य प्रभावित होने पर अधिकारियों से कहा कि पार्षदों की कर्मचारियों की मांग को पूरा करें.




### वर्क ऑर्डर में विधायक, पार्षद का उल्लेख करने की मांग

पार्षद जीतू यादव ने अधिकारियों से कहा कि विधायक के पत्र पर कोई काम होता है, तो विधायक का उल्लेख नहीं होता है, जबकि एलओए में पार्षद केडी नाम का उल्लेख किया जाता है. एमआईसी राजेंद्र राठौर और पार्षद यादव ने वर्क ऑर्डर जारी करने के आदेश में विधायक का नाम उल्लेख करने की मांग की है. इस पर महापौर भार्गव ने अधिकारियों से कहा कि वर्क ऑर्डर की कॉपी मुझे , विधायक और पार्षद को भेजा करें.

### काम नहीं करने वाले ठेकेदार के टेंडर निरस्त करो

विधायक मेंदोला ने बैठक में कहा कि वार्डो में जो ठेकेदार काम नहीं कर रहे है उनके टेंडर निरस्त करो. मेंदोला ने बापू गांधी नगर में ड्रेनेज का अधूरा काम छोड़ने पर यह बात कही. इसके बाद मेंदोला ने वार्ड 17 में धर्मशाला का काम बंद और स्टे होने पर अधिकारियों से कहा कि पार्षद उसके घर तो नहीं बना रहा है. धर्मशाला सरकारी जमीन पर नहीं बनेगी तो कहां बनेगी? उस क्षेत्र में गरीब लोग अपने घर शादी या अन्य कार्य कहां करेंगे? नगर निगम 50 लाख खर्च कर चुका है. एमआईसी सदस्य राठौर ने भी उद्योग विभाग से जुड़े योगेश मेहता द्वारा काम में रोड़े अटकाकर खुद पैसे मांगता है. विधायक ने क्लर्क कॉलोनी में ड्रेनेज लाइन मकानों के आगे डालने पर पूछा कि घरों के ड्रेनेज लाइन मिलाएंगे कैसे. इलाके में तो सबकी ड्रेनेज लाइन पीछे है. पार्षद ने कहा कि ज्यादातर लोगों ने आगे की तरफ से मिला ली है.

### ये शिकायतें कीं पार्षदों ने ...

- पार्षद सुरेश कुरवाड़े ने गड्ढों में गिट्टी मुरम (जेएसबी) भरने का विरोध किया. इससे पेंच वर्क ज्यादा ठीक है. आज घोटाला होता है. 10 मीटर की जगह 5 मीटर माल डलता है और ठेकेदार निगम से 10 मीटर का पैसा लेता है.
- भाजपा नगर उपाध्यक्ष पप्पू शर्मा ने कहा कि मंत्री तुलसी सिलावट ने वार्ड 17 और 18 में अरविंदो हॉस्पिटल की 15 एवं बायपास की 35 कॉलोनियों के लिए अमृत योजना 2.0 में अलग अलग टंकी निर्माण, तलावली चांदा में फायर स्टेशन, वार्ड 35 और 36 में बच्चों के खेल कॉम्प्लेक्स तथा सिंधिया प्रतिमा पर आकर्षक लाइट और सौंदर्यीकरण करने का प्रस्ताव रखा है.
- पार्षद बीएन सोनी ने विभिन्न कॉलोनियों मालवीय नगर में 1.17 करोड़ के सड़क और कई कॉलोनियों के ड्रेनेज लाइन का काम शुरू नहीं करने की शिकायत की.
- वार्ड 17 का पार्षद पति ने निगम अधिकारियों पर 1-1 लाख रुपए लेकर उद्योग विभाग की 60 प्लास्टिक और अन्य फैक्ट्री वालों से पैसा लेकर ड्रेनेज में मिलाने का आरोप लगाया. पूरी ड्रेनेज चौक पड़ी होने का बताया.
- पार्षद सीमा धर्मेंद्र मौर्य ने कर्मचारियों 2022 से 22 कर्मचारियों की कमी और उद्यान में एक कर्मचारी है और प्लंबर देने की मांग की है.
- पार्षद संध्या जायसवाल के पुत्र ने औद्योगिक क्षेत्र की फैक्ट्रियों की नपती कर राजस्व वसूली की मांग की है. साथ ही तीन संजीवनी क्लिनिक में से एक शुरू होने और दो को और चालू करने की शिकायत दर्ज करवाई.

## एक नजर में

### ऑडी की ऑडी क्यू3 व क्यू5 सिग्नेचर लाइन लॉन्च

इंदौर . जर्मनी की लग्जरी कार निर्माता ऑडी ने आज ऑडी क्यू3 और ऑडी क्यू5 सिग्नेचर लाइन लॉन्च करके अपनी लग्जरी एसयूवी रेंज को विशेष डिजाइन तत्वों, प्रीमियम डिटेलिंग और उपकरणों की एक श्रृंखला के साथ और बेहतर बनाया है . सिग्नेचर लाइन पैकेज ने प्रशंसित ऑडी क्यू3 और ऑडी क्यू5 को विशिष्ट ऑडी का टच दिया गया है, जिसमें रोशनी वाले ऑडी रिंग्स एंट्री एलईडी लैंप, विशेष ऑडी डेकल्स और डायनैमिक व्हील हब कैप्स शामिल हैं जो गति में भी लोगो का परफेक ?ट ओरिएंटेशन ओरिएंटेशन बनाए रखते हैं . बलवीर सिंह ढिल्लों, ऑडी इंडिया के प्रमुख ने कहा ऑडी क्यू3 और ऑडी क्यू5 भारत में हमारे क्यू पोर्टफोलियो में सबसे प्रमुख हैं, जो लगातार ग्राहक पसंद और सेगमेंट प्रदर्शन में अग्रणी हैं . सिग्नेचर लाइन के साथ, हमने बेहतर प्रदर्शन और उन्नत फीचर्स को एक शानदार पैकेज में प्रदान करना जारी रखा है . यह संस्करण हमारी इनोवेशन और ग्राहक-केंद्रित डिजाइन पर ध्यान को मजबूत करता है .

### लॉर्ड्स मार्क ने अमेरिका को भेजा पहला मेडटेक शिपमेंट

मुंबई . लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अमेरिका को 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के अपने पहले मेडटेक ( मेडिकल टेक्नोलॉजी ) ऑर्डर की सफल डिलीवरी की घोषणा की है . यह ऑर्डर लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड के माध्यम से पूरा किया गया है . यह उपलब्धि कंपनी के वैश्विक विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और एडवांस्ड हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी के एक्सपोर्ट्स में भारत की बढ़ती भूमिका को और सशक्त बनाती है . लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर सच्चिदानंद उपाध्याय ने कहा यह उपलब्धि उच्च गुणवत्ता वाले मेडटेक इनोवेशन के केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को और सशक्त करती है . हमारा पहला अमेरिकी शिपमेंट केवल एक निर्यात नहीं है- यह भारत के मेडटेक नेतृत्व की वैश्विक पहचान की शुरुआत है . हम ऐसी विश्वस्तरीय स्वास्थ्य तकनीकें विकसित कर रहे हैं जो दुनिया के सबसे कठिन मानकों को पूरा करती हैं .

### नि :शुल्क नेत्र व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



इंदौर . जैन दिवाकर जयंती के उपलक्ष स्व . सुभाष जैन, स्व . सुलोचना जैन (चपलोद) की पुण्य स्मृति में जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ महावीर नगर तथा श्री अरबिंदो हॉस्पिटल, इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं नेत्र शिविर जैन स्थानक, महावीर नगर पर लगाया गया . ग्रुप के अध्यक्ष सुरेश देशलहरा और शिविर संयोजक अनोखीलाल जैन ने बताया कि इस शिविर में 450 मरीजों ने लाभ लिया 18 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे . शिविर के लाभार्थी परिवार ग्रुप के समाज सेवी श्रीमती पल्लवी, श्री विपिन, श्रीमती प्रतीक्षा, विकास जैन एवं समस्त चपलोद परिवार है . इस शिविर में गौरव महेंद्र हार्डिया विधायक, अशोक सोजतिया, विजय मेहता, महेश डाकोलिया, राजेश उदावत पार्षद, समाजसेवी संयोजक- अशोक सुराना, विजय सिंह नाहर, सुरेश सकलेचा, चंद्र कुमार फतेहपुरिया, डॉ अतुल नाहर, राजेंद्र भटेवरा आदि का सहरानी सहयोग रहा .

### शक्तिमान रिटर्न्स, पॉकेट एफएम पर !

इंदौर . ऑडियो सीरीज़ प्लेटफ़ॉर्म पॉकेट एफएम लेकर आया है 'शक्तिमान रिटर्न्स'- एक 40 एपिसोड की रोमांचक और भावनात्मक ऑडियो सीरीज़, जिसमें खुद मुकेश खन्ना की आवाज़ गूंजेगी . यह सीरीज़ अब पॉकेट एफएम पर सभी यूजर्स के लिए मुफ्त स्ट्रीम हो रही है . रोहन नायक, सीईओ और सह-संस्थापक, पॉकेट एफएम ने कहा हममें से बहुतों के लिए शक्तिमान पहला ऐसा हीरो था जिस पर हम सच में विश्वास करते थे . उसे वापस लाने का मकसद 90 के दशक को दोहराना नहीं, बल्कि यह दिखाना था कि भारतीय नायकों की कहानियां आधुनिक अंदाज़ में कितनी कालजयी बन सकती हैं . मुकेश खन्ना, मूल शक्तिमान और इस दंतकथा के निर्माता ने कहा, शक्तिमान को मैंने इसलिए बनाया था ताकि वह युवाओं में सत्य, नि :स्वार्थता और साहस जैसी मूल भावनाओं को जगाए – ये मूल्य कभी पुराने नहीं होते ।

### कॉन्टिनेंटल टायर्स ने इंदौर रिटेल नेटवर्क का विस्तार किया

इंदौर. कॉन्टिनेंटल टायर्स ने इंदौर में अपनी नई कॉन्टिनेंटल प्रीमियम ड्राइव (सीडीपी) डीलरशिप का शुभारंभ किया है . यह नया आउटलेट टायर ट्यून अप द्वारा संचालित है, जो मध्य भारत में कॉन्टिनेंटल की उपस्थिति को अधिक सुदृढ़ता प्रदान करता है . यह नव उद्घाटित स्टोर मैकेनिक नगर, वॉव होटल के पास स्थित है . कॉन्टिनेंटल टायर्स के प्रबंध निदेशक समीर गुप्ता ने कहा इंदौर में इस नए सीडीपी स्टोर के साथ, हम कॉन्टिनेंटल के माध्यम से मध्य प्रदेश के ग्राहकों तक सुरक्षा, नई तकनीक और आरामदायक ड्राइविंग के अनुभव को सहज रूप से पहुँचाने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा कर रहे हैं . भारत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण विकासशील बाज़ार है .

## आवारा श्वानों पर होगी प्रभावी कार्रवाई

**कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न**

इंदौर. कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज समय-सीमा के अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों के निराकरण ( टीएल ) तथा अंतर-विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, साथ ही सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत दर्ज शिकायतों के निराकरण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई.

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन के सभी प्रकरणों का निराकरण पूर्ण गंभीरता के साथ समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. समीक्षा के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एवं उपयंत्री द्वारा लापरवाही पाए जाने पर दोनों को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. बैठक में आवारा श्वानों (स्ट्रीट डॉग्स) के संबंध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी दिशा-निर्देशों पर विस्तृत चर्चा की गई. बैठक में जानकारी दी गई कि दिशा-निर्देश प्राप्त हो गए हैं और उनके अनुसार समयबद्ध कार्रवाई की जाएगी. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थानो जैसे स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, खेल परिसर, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं मुख्य मार्गों पर आवारा श्वान दिखाई न दें, इसकी प्रभावी व्यवस्था की जाए. स्कूल प्रबंधन यह सुनिश्चित करें कि श्वान परिसर में प्रवेश न करें तथा सुरक्षा-व्यवस्थाएं मजबूत रखें. यदि किसी संस्था परिसर में श्वान के द्वारा काटने की घटना होती है, तो संबंधित संस्था प्रमुख उत्तरदायी होंगे.

परिवार नियोजन की राशि के भुगतान में लापरवाही संबंधी प्रकरण की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जांच के निर्देश देते हुए कहा कि यदि जांच में भुगतान लंबित पाया गया तो संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ।

## शहर में सोलर प्लांट योजना के दूसरे चरण का प्रस्ताव

**स्ट्रीट और बगीचों में लाइट की व्यवस्था का प्रावधान**

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम द्वारा बॉन्ड जारी कर स्थापित नर्मदा पंपिंग स्टेशन जलूद पर 60 मेगावॉट का सोलर प्लांट लगाया है. उक्त प्लांट के शुरू होने के साथ ही निगम शहर के हर विधानसभा में भी 20 से 40 मेगावॉट के सोलर प्लांट लगाने की योजना प्रस्तावित करने तैयारी कर रहा है.**

नगर निगम का नर्मदा जल जलूद पंपिंग स्टेशन पर निगम ने 210 एकड़ में 60 मेगावाट का सोलर प्लांट लगाकर शहर को सोलर सिटी के रूप में स्थापित करने का बीड़ा उठाया है. उक्त प्लांट जनवरी से बिजली उत्पादन शुरू कर देगा और इससे निगम को प्रति माह 4 करोड़ रुपए की बचत होगी. साथ ही निगम बॉन्ड का रिफंड पे करना भी शुरू कर देगा. नगर निगम द्वारा इसी क्रम में शहर की स्ट्रीट लाइट और बगीचों की बिजली के लिए सोलर प्लांट योजना 2.0 प्रस्तावित करने की तैयारी शुरू कर दी है. इसके तहत शहर में अलग-अलग क्षेत्रों में खुली और सरकारी जमीन के साथ निगम लैंड बैंक पर भी विचार किया जा रहा है. हालांकि यह प्रस्ताव प्राथमिक तौर पर है, लेकिन जनवरी में जलूद प्लांट से बिजली उत्पादन की सफलता मिलने पर दूसरे चरण की योजना निर्भर है.



### खाली जमीनों की जानकारी निकाली जा रही : महापौर

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि हमने शहर 5-6 स्थान ढूंढ लिए है . साथ ही कुछ खाली जमीनों की जानकारी निकालने में लगे हैं . सब जमीनों के जानकारी निकालने के बाद सोलर सिटी की पहचान दिलाने के लिए कदम बढ़ाए जाएंगे .

### जगह के अनुरूप हो सकते हैं प्लांट

प्रस्तावित योजना ऊर्जा आत्मनिर्भरता के तहत शहर में सोलर सिटी के काम करने के लिए शहर में जगह अनुरूप 20 से 40 मेगावाट बिजली उत्पादन के प्लांट स्थापित किए जा सकते है . सभी प्लांट को विधानसभावार क्षेत्रों के अनुसार स्ट्रीट लाइट और बगीचों की लाइट से जोड़ा जाएगा . इससे नगर निगम पर बिजली बिल का भार और भुगतान में कमी आएगी .

## विद्यार्थी क्षमताओं को निखारें, शिक्षकों के अनुभव का लाभ लें : संभागायुक्त

**शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय में शिष्योपनयन संस्कार**

**इंदौर. स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में सोमवार को नवप्रवेशित 75 विद्यार्थियों का शिष्योपनयन संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

स्वशासी महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. सुदाम खाड़े ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आयुर्वेद का संसार असीमित है, विदेशों में भी इसके पर्याप्त अवसर बढ़ने लगे है. इस विशाल संभावनाओं वाले चिकित्सकीय क्षेत्र को जीवन में भविष्य के लिए नया आयाम समझें. भारतीय प्राचीन पद्धति ने जो खोजा और जिसे परंपरागत रूप से अपनाते चले आ रहे है. यह अनोखी और आवश्यक है. चिकित्सा का यह क्षेत्र ज्ञान के आलोक में ले जाएगी. इस नई यात्रा में खुद को ज्ञान के लिए सौंपे और आनंद के साथ इस नए अवसर को भविष्य के लिए संवारे. संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने विद्यार्थियों को आह्वान किया कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं. यहाँ जो सीख मिलेगी, वे आपके जीवन में बढ़ा बदलाव लाएगी. विद्यार्थी अपनी क्षमताओं को निखारे, शिक्षकों के अनुभव का लाभ लें और बेहतर से बेहतर बनने की कोशिश करें,.




### शष्योपनय संस्कार की शपथ दिलाई

स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाप्राचार्य डॉ. अजीत पाल सिंह चौहान ने स्वागत भाषण दिया. कार्यक्रम में महाविद्यालय के एसोशिएट प्रो. डॉ शेलेश शुक्ला ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को शिष्योपनयन संस्कार की शपथ दिलायी. वहीं सहायक प्राध्यापक डॉ. दिनेश मालवीय ने शिष्योपनयन संस्कार के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला. संचालन डॉ. अनुरूचि सोलंकी ने किया. कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रोफेसर, छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे.

## जिले के कारखानों को 15 दिनों में कराना होगा फायर सेफ्टी ऑडिट

**इंदौर. कलेक्टर शिवम वर्मा ने जिले में संचालित सभी औद्योगिक इकाइयों के लिए फायर सेफ्टी अनुपालन को अनिवार्य करते हुए निर्देश जारी किए हैं. कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जिले के सभी कारखानों को आगामी 15 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से फायर सेफ्टी ऑडिट कराना होगा और इसकी रिपोर्ट प्रशासन को उपलब्ध करानी होगी.**

जिन औद्योगिक इकाइयों को हाल ही में सुरक्षा मानकों के अभाव में सील किया गया है, उन्हें भी फायर सेफ्टी ऑडिट कराकर अपनी रिपोर्ट प्रशासन को देना आवश्यक होगा, इसी प्रकार जो इकाइयाँ वर्तमान में संचालित हैं, वे भी निर्धारित अवधि के भीतर अपनी फायर सेफ्टी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। प्रशासन को रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित अधिकारी औद्योगिक प्रतिष्ठानों का स्थल निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों की पुष्टि करेंगे. कलेक्टर शिवम वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में सुरक्षा मानकों से समझौता न किया जाए और फायर सेफ्टी अनुपालन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए.

**चिंतन** | भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर में एड्यूनिवर्सल वर्ल्ड कन्वेंशन का शुभारम्भ

## केवल सफलता प्राप्त करने तक सीमित नहीं होना चाहिए शिक्षा

**इन्दौर. अठारहवां एड्यूनिवर्सल वर्ल्ड कन्वेंशन भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर ( आईआईएम इंदौर ) में प्रारम्भ हुआ, जिसमें 50 से अधिक देशों से आए 150 से अधिक डायरेक्टर्स तथा डीन्स सम्मिलित हुए. इस वर्ष की थीम- ब्रिजिंग पर्पज एंड परफार्मेंस- बिजनेस एजुकेशन एज ए फोर्स फॉर गुड ने विश्व के प्रमुख प्रबंध संस्थानों के बीच चार दिनों तक चिंतन, संवाद और सहयोग का वातावरण निर्मित किया.**

सम्मेलन का उद्घाटन आईआईएम इंदौर के निदेशक प्रो. हिमांशु राय ने किया. इस अवसर पर एड्यूनिवर्सल के संस्थापक तथा प्रमुख कार्यकारी अधिकारी मार्शियल गुएत्ते तथा मध्य एशिया हेतु एड्यूनिवर्सल की वैज्ञानिक समिति की सदस्य डॉ. अनीता माधोक और महापौर पुष्यमित्र भार्गव उपस्थित रहे. उद्घाटन भाषण में प्रो. हिमांशु राय ने प्रबंध संस्थानों से उत्कृष्टता और नैतिकता के बीच संतुलन बनाने का आह्वान किया. उन्होंने कहा शिक्षा केवल सफलता प्राप्त करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए. हमारा ध्येय ऐसे नेतृत्व का निर्माण है जो साहस, करुणा और स्पष्ट उद्देश्य से प्रेरित हो. उन्होंने भारत के प्राचीन ज्ञान का आधार लेते हुए यह बताया कि ईमानदारी से रहित ज्ञान टिकाऊ नहीं होता. पहले दिन दो पैनल चर्चाएँ और एक मुख्य भाषण हुआ. पहले पैनल, व्यावसायिक शिक्षा में सामाजिक प्रभाव का निर्माण, में अग्रणी शिक्षाविदों और डीन ने इस बात पर चर्चा की कि संस्थान नेक इरादों को मापने योग्य परिणामों में अनुभवात्मक शिक्षण मॉडल, ने स्पष्ट किया कि कैसे स्कूल इस बदलाव के युग के लिए शिक्षण की पुनर्कल्पना कर रहे हैं.



### मूल्यों को ठोस परिणामों से जोड़ें : मार्शियल गुएत्ते

मार्शियल गुएत्ते ने कहा कि प्रबंध शिक्षा से जुड़े संस्थानों को अपने मूल्यों को ठोस परिणामों से जोड़ना चाहिए . आज लीडरों का मूल्यांकन केवल उपलब्धियों से नहीं किया जाता, बल्कि यह देखा जाता है कि वे समाज के लिए कितना उपयोगी हैं . प्रबंध शिक्षा को केवल बुद्धिमत्ता ही नहीं, बल्कि सत्यनिष्ठा को भी प्रेरित करना चाहिए . डॉ . अनिता मधोक ने एडुनिवर्सल वर्ल्ड कन्वेंशन का संक्षिप्त परिचय दिया . उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम का अर्थ है कि हमें अपने छात्रों को लाभ के लिए व्यवसाय चलाने से परे बढ़ने के लिए शिक्षित करना होगा । समय की माँग ऐसे प्रबंधकों को विकसित करना है जो उद्देश्य, ज़िम्मेदारी, स्थिरता और नवाचार को समझते हों .

### नवाचार के केंद्र के रूप में उभरा इंदौर

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने नागरिक भागीदारी, मज़बूत शासन और सतत विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के माध्यम से भारत के सबसे स्वच्छ शहर बनने की इंदौर की उल्लेखनीय यात्रा पर प्रकाश डाला . उन्होंने कहा इंदौर नवाचार, संस्कृति और आर्थिक विकास के एक जीवंत केंद्र के रूप में उभरा है, जो इसे वैश्विक शैक्षणिक समारोहों के लिए एक आदर्श मेज़बान बनाता है .